>

Title: Regarding construction of railway flyover at Ghagrapar Railway Station, and flyover at Ganesh Temple, Nalbari town and Baihata Shariali.

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आने वाली होली के लिए सभी देशवासियों को बहुत-बहुत मुबारकबाद देना चाहता हूं । मेरा संसदीय क्षेत्र मंगलदोई है और मेरा होम टाउन, बर्थ प्लेस नलबाड़ी है । घगरापर हमारा रेलवे स्टेशन है । एनएच-37 से मेरे गांव की तरफ जहां नलबाड़ी मेडिकल कॉलेज का काम पूरा हो गया है, वहां तक कोई फ्लाई ओवर नहीं है । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से यह अनुरोध करता हूं, डिमांड करता हूं कि खगरापर रेलवे स्टेशन में एक रेलवे फ्लाईओवर बना दें ।

एनएच-37 नलबाड़ी से होकर कामरूप होकर गुवाहाटी जाता है । एनएच-37 में गणेश मंदिर नलबाड़ी टाउन में जाने वाला गणेश मंदिर और फिर बाइहटा शारीअली, दो जगहों पर हाइवे फ्लाइओवर नहीं है, वहां पर दो फ्लाई ओवर बनाए जाएं । आपके माध्यम से रेल मंत्री जी एवं पथ परिवहन मंत्री जी से यही निवेदन है । धन्यवाद ।